अथ ऋषिपंचमी व्रत कथा

भाषाटीकासहिता

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

श्रीगणेशाय नमः ।

अथ ऋषिपञ्चमीव्रतम् ॥ तच्च मध्याह्नव्यापिन्यां कार्यम् । तथा च माधवीये हारीतः ॥ पूजाव्रतेषु सर्वेषु मध्याह्नव्यापिनी तिथिरिति दिनद्वये तद्व्याप्तावव्याप्तौ वा पूर्वविद्धायां कार्यं युग्मवाक्यात् । प्राप्य भाद्रपदे मासि शुक्लपक्षस्य पञ्चमीम् ॥ तस्यां मध्याह्नसमये नद्यादौ विमले जले ॥ अपामार्गस्य काष्ठैश्च ह्यष्टोत्तरशतोन्मितैः । अथवा सप्तभिः कार्यं दंतधावनमादितः ॥ वनस्पतिप्रार्थना ॥ आयुर्बलं यशो वर्चः प्रजाः पशुवसूनि च ॥

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

ब्रह्मप्रज्ञां च मेधां च त्वन्नो देहि वनस्पते ॥ संप्रार्थ्यानेन मंत्रेण
कुर्याद्वै दंतधावनम् ॥ तत्र मंत्रः ॥ मुखदुर्गंधिनाशाय दन्तानां
च विशुद्धये॥ ष्ठीवनाय च गात्राणां कुर्वेऽहं दंतधावनम् ॥ अनेन
दंतान् संशोध्य स्नायान्मृत्स्नानपूर्वकम् ॥ ततो ब्रह्मकूर्चविधिना
पञ्चगव्यं संपाद्य प्राशयेत् ॥ तच्चेत्थम् ॥ देशकालौ संकीर्त्य शा-
रीरशुद्ध्यर्थं ब्रह्मकूर्चहोमपूर्वकपञ्चगव्यप्राशनमहं करिष्ये । इति
संकल्प्य ॥ ताम्रादिपात्रे गायत्र्या गोमूत्रम् ॥ गंधद्वारेति गोमय-
म् ॥ आप्यायस्वेति क्षीरम् ॥ दधिक्राव्णा इति दधि ॥ शुक्रमसीत्या

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

ज्यमादाय प्रणवेनालोड्य यज्ञीयकाष्ठेन तेनैव निर्मथ्य प्रणवेनाभिमंत्र्य सप्तपत्रैर्हरितैः कुशैः पञ्चगव्यमुद्धृत्य इरावतीति पृथिव्यै० इदं विष्णुरिति विष्णवे० मानस्तोक इति रुद्राय० ब्रह्मयज्ञानमिति ब्रह्मणे० अग्नये स्वाहेत्यग्नये० सोमाय स्वाहेति सोमाय० गायत्र्या सूर्याय० ॐ स्वाहेति प्रजापतये० भूर्भुवः स्वाहेति प्रजापतये० अग्नये स्विष्टकृते स्वाहेत्यग्नये स्विष्टकृते० एवं दशाहुतीर्हुतावशिष्टं यत्त्वगस्थीति मन्त्रं पठित्वा प्रणवेन प्राशयेत्। होमाकरणपक्षे उक्तमन्त्रैः पञ्चगव्यं संम्पाद्य प्राशयेत्। स्त्रियस्तु

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

तूष्णीं पञ्चगव्यं प्राशयेयुः । अथ व्रतविधिः । नद्यादिके तदा स्नात्वा कृत्वा नियममेव च ॥ ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्या शूद्रा वापि वरानने ॥ कृत्वा नैमित्तिकं कर्म गत्वा निजगृहं पुनः ॥ वेदीं सम्यक् प्रकुर्वीत गोमयेनोपलेपि ताम् ॥ रङ्गवल्लीसमायुक्ते सर्वतोभद्रमण्डले ॥ अव्रणं सजलं कुम्भं ताम्रमण्डपमेव वा ॥ संस्थाप्य वस्त्रसंयुक्तं कण्ठदेशे सुशोभितम् ॥ पञ्चरत्नसमायुक्तं फलगन्धाक्षतैर्युतम् ॥ सहिरण्यं समासाद्य ताम्रेण पटलेन वा ॥ वंशमृन्मयपात्रेण यवपूर्णेन चैव हि ॥ आच्छादयेत्तं चैलेन लिखे-

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

दष्टदलं ततः ॥ तत्र सप्तऋषीन् दिव्यान्भक्तियुक्तः प्रपूजयेत् ॥
अथ सङ्कल्पः । मासपक्षाद्युल्लिख्य मया ज्ञानतोऽज्ञानतो वा
रजस्वलावस्थाकृतसंपर्कजनितदोषपरिहारार्थमरुधन्तीसहित-
कश्यपादिसप्तऋषिप्रीत्यर्थमृषिपूजनमहं करिष्ये ॥ अथ पूजा-
विधिः । मूर्तं ब्रह्मण्यदेवस्य ब्रह्मणस्तेज उत्तमम् । सूर्यकोटिप्रती-
काशमृषिवृन्दं विचिन्तये ॥ ध्यानम् ॥ आगच्छन्तु महाभागा-
श्चतुर्वेदपरायणाः ॥ यावद्व्रतमिदं कुर्वे कृपया भवतामहम् ॥ आ-
वाहनम् ॥ ऋग्यजुःसामवेदानां स्वरूपेभ्यो नमो नमः । पुराण-

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

ऋ० पुरुषेभ्यो हि देवर्षिभ्यो नमो नमः। आसनम् ॥ गंधपुष्पाक्षतैर्युक्तं
३ पाद्यं गृह्णंतु भो द्विजाः ॥ प्रसादं कुरुत प्रीतास्तुष्टाः संतु सदा मम॥ आ०
नभस्ये शुक्लपंचम्यामर्चिता ऋषिसत्तमाः ॥ दहंतु पापं मे सर्वं दी०
गृह्णंत्वर्घ्यं नमो नमः ॥ अर्घ्यम् ॥ लोकानां तुष्टिकर्तारो यूयं सर्वे
तपोधनाः ॥ नमो वा धर्मविज्ञेभ्यो महर्षिभ्यो नमोनमः॥ आच-
मनम् ॥ पयो दधि घृतं चैव शर्करामधुसंयुतम्॥ पंचामृतेन स्नानं
करिष्ये ऋषिसत्तमाः॥ पंचामृतम् ॥ मंदाकिनी गौतमी च यमुना ३
च सरस्वती ॥ कृष्णा च नर्मदा तापी ताभ्यः स्नानार्थमाहृतम् ॥

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

स्नानम् । सर्वे नित्यं तपोनिष्ठा ब्रह्मज्ञाः सत्यवादिनः ॥ वस्त्राणि प्रतिगृह्णंत भक्तिदाः संतु मे सदा ॥ वस्त्राणि ॥ नानामन्त्रैः समुद्भूतं त्रिव्रतं ब्रह्मसूत्रकम् ॥ प्रत्येकं च प्रयच्छामि ऋषयः प्रतिगृह्यताम् । उपवीतानि ॥ कुंकुमागरुकर्पूरसुगंधैर्मिश्रितं शुभम् ॥ गंधाढ्यं चन्दनं दिव्यं गृह्णन्तु ऋषिसत्तमाः ॥ गन्धम् । शुभ्राक्षताश्च सम्पूर्णाः प्रक्षाल्य च नियोजिताः । शोभायै वा मया दत्ता गृह्णन्तां मुनिसत्तमाः ॥ अक्षताः । मालतीचम्पकादीनि तुलस्यादीनि वै द्विजाः । मयाहृतानि पुष्पाणि पूजार्थं प्रतिगृह्यताम् ॥ पुष्पाणि ।

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

ऋ० वनस्पतिरसोद्भूतो गन्धाढ्यः सुमनोहरः। आघ्रेयः सर्वदेवानां
धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्॥ धूपम्॥ साज्यं च वर्तिसं० ॥ दीपम्॥ भा.
नानापक्वान्नसंयुक्तं रसैः षड्भिः समन्वितम्॥ गृह्णन्तु ऋषयः दी०
सर्वे मया नैवेद्यमर्पितम्॥ नैवेद्यम्॥ मध्ये पानीयम्। उत्तरापो०
हस्तप्रक्षाल०॥ करोद्वर्तनार्थं जलम्॥नमो वेदविदः श्रेष्ठऋषयः
सूर्यसन्निभाः। गृह्णन्त्विदं फलं तुष्टा मया दत्तार्हभक्तितः॥
फलम्॥ पूगीफलं महद्दि०॥ ताम्बूलम्॥ हिरण्यगर्भेति दक्षि- ४
णाम्॥ यानि कानि च पापानि ब्रह्महत्यासमानि च॥ तानि

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

तानि विनश्यन्ति प्रदक्षिणा पदे पदे ॥ प्रदक्षिणा ॥ नमोस्तु ऋषिवृन्देभ्यो देवर्षिभ्यो नमो नमः ॥ सर्वपापहरेभ्यो हि वेदविद्भ्यो नमो नमः ॥ नमस्कारान् ॥ एते सप्तर्षयः सर्वे भक्त्या सम्पूजिता मया ॥ सर्वपापं व्यपोहन्तु ज्ञानतोऽज्ञानतः कृतम् ॥ प्रार्थना ॥ अथ वायनम् ॥ कृतायाः पूजायाः सांगतासिद्ध्यर्थं ब्राह्मणाय वायनप्रदानं तथा ब्राह्मणपूजनं करिष्ये ॥ वायनं फलसंयुक्तं सघृतं दक्षिणान्वितम् ॥ द्विजवर्याय दास्यामि व्रतसंपूर्तिहेतवे ॥ भवंतः प्रतिगृह्णातु ज्योतीरूपास्तपोधनाः ॥

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

उभयोस्तारका: संतु वायनस्य प्रदानतः ॥ वायनम् ॥ न्यूनातिरि-
क्तकर्माणि मया यानि कृतानि च। क्षमध्वं तानि सर्वाणि यूयं
सर्वे तपोधनाः ॥ यांतु देव०इति विसर्जनम्॥ एवं संपूज्य विधिव-
द्भक्तियुक्तेन चेतसा ॥ तेषामग्रे च श्रोतव्यं शुभं चैव कथानकम् ॥
इति पूजाविधिः ।

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

अब यहां से कथा का प्रारम्भ होता है। राजा सिताश्व कहते हैं—हे देवदेवेश ! मैंने आप के द्वारा बहुत से व्रत सुने। अब कोई ऐसा व्रत बतलाइये, जो पापों का नाश करनेवाला

अथ कथा॥ सिताश्व उवाच॥ श्रुतानि देवदेवेश व्रतानि सुबहूनि च॥ सांप्रतं मे समाचक्ष्व व्रतं पापप्रणाशनम्॥१॥ ब्रह्मोवाच॥ शृणु राजन्प्रवक्ष्यामि व्रतानामुत्तमं व्रतम्॥ ऋषिपंचमीति विख्यातं सर्वपापहरं परम्॥२॥ येन चीर्णेन राजेन्द्र नरकं नैव पश्यति॥ अत्रैवोदाहरंतीममितिहासं पुरातनम्॥३॥ वैदर्भश्चद्विजवर

हो॥१॥ ब्रह्मा ने कहा—हे राजन्! आप सावधान मन से सुनें। मैं आप को सब व्रतों में उत्तम ऋषिपंचमी नाम का व्रत बताऊँगा। वह सब पापों को दूर करनेवाला व्रत है॥२॥ वह ऐसा व्रत है जिस के कर लेने से हे राजेन्द्र! कभी कोई प्राणी नरक को नहीं देखता। इस

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

विषय में बड़े लोग एक प्राचीन इतिहास कहते आये हैं ॥ ३ ॥ विदर्भ नगर में उत्तंक नाम का
एक उत्तम ब्राह्मण रहता था। उसकी स्त्री का नाम था सुशीला, जो अपने पतिव्रत धर्म का भली
भाँति पालन करती थी ॥ ४ ॥ उसके दो सन्तानें थीं—एक पुत्र और एक पुत्री। पुत्र का नाम

उत्तंको नाम नामतः ॥ तस्य भार्या सुशीलेति पतिव्रतपरायणा
॥४॥ तस्या अपत्यं युगलं पुत्रो हि सुविभूषणः ॥ अधीतवान्सुत-
स्तस्य वेदान्सांगपदक्रमान् ॥५॥ समाने च कुले तेन सुता चापि
विवाहिता ॥ विवाहितैव सा दैवाद्वैधव्यं प्राप सत्तम ॥६॥ सतीत्वं

था सुविभूषण। उसने अंग, पद और क्रमयुक्त सब वेदों का अध्ययन किया था ॥ ५ ॥ उत्तंक
ने अपने समान एक उत्तम कुल में अपनी कन्या का ब्याह भी कर दिया था। लेकिन भाग्य
वश विवाह होते ही वह कन्या विधवा होगयी ॥ ६ ॥ इस के बाद वह अपने सतीत्व की

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

रक्षा करती हुई पिता के ही घर में रहने लगी। उस कन्या के दुःख से दुखी उत्तंक घर में पुत्र को छोड़कर स्वयं अपनी स्त्री और पुत्री के साथ गंगातट पर एक बन में चले गये और वहाँ

पालयंती सा आस्ते निजपितुर्गृहम् ॥ तस्या दुःखेन संतप्तः सुतं सं-
स्थाप्य वेश्मनि ॥ ७ ॥ गंगातीरवनं प्राप्तः सकलत्रस्तया सह । स
तत्राध्यापयामास शिष्यान्वेदं द्विजोत्तमः ॥ ८ ॥ सुताचकुरुतेतस्य
पितुः शुश्रूषणं वरम् । पितुः शुश्रूषणं कृत्वा परिश्रांता कदाचन ॥९॥
निशीथे किल संसुप्ता कृमिराशिरजायत ॥ तथाविधां च तां दृ-

शिष्यों को वेद पढ़ाते हुए रहने लगे ॥ ७ ॥८॥ वह पुत्री अपने पिता की सेवा करती थी। एक दिन वह पिता की सेवा करके थकी बैठी थी ॥ ९ ॥ आधी रात को एक शिलाखण्ड पर सोगयी। एकाएक उसके पास बहुत से कीड़े निकल आये। उसके कपड़े भी अस्त-व्यस्त हो-

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

गये थे ॥ १० ॥ उत्तंक के शिष्यों ने ऐसा देखा तो वे बड़े दुखी हुए और बड़ी करुणा के साथ उन्होंने गुरुपत्नी को यह सब हाल सुनाया। उन्होंने कहा—हम नहीं कह सकते कि किस

दृष्ट्वा विस्त्रस्तां प्रस्तरास्थिताम् ॥ १० ॥ शिष्या निवेदयामासुस्तन्मातुः करुणान्विताः ॥ न जानीमो वयं किंचिद्देवीं साध्वीं तथाविधाम् ॥ ११ ॥ कृमिराशिमयी जाता मातः संप्रति दृश्यते ॥ वज्रपातनिभं वाक्यं श्रुत्वा शिष्यैरुदीरितम् ॥ १२ ॥ सा भ्रांतमनसा शीघ्रं तत्समीपमुपागमत् ॥ सा तां तथाविधां दृष्ट्वा विललाप सुदुःखिता ॥ १३ ॥ उरश्च

कारण वह बेचारी एक दम कृमिराशिमयी होगई है। शिष्यों के मुख से निकली वज्रपात सदृश वाणी सुनकर ॥ ११ ॥ १२ ॥ घबड़ायी हुई वह तुरन्त उसके पास गयी। वह कन्या को शिष्यों की बतायी हालत में देखकर बड़ी दुखी होती हुई विलाप करने लगी ॥ १३ ॥ और

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

छाती पीटने लगी। इस कारण वह बेहोश होगयी। थोड़ी देर बाद माता को होश हुआ तो उसने जाकर कन्या को उठाया और पोंछकर साफ किया ॥ १४ ॥ इसके बाद दोनों हाथों से

ताडयामाससुतरांमोहमापच। क्षणेन प्राप्तचैतन्यां तामुत्थाप्य प्र-
मृज्य च॥१४॥ समालंब्य च बाहुभ्यांनिन्ये तात्पितुरंतिकम्॥ स्वा-
मिन्कथयमेसाध्वी केनदुष्कृतकर्मणा ॥ १५ ॥ निशीथे संप्रसुप्तेयं
जाता वै कृमिसंकुला ।। एतच्छ्रुत्वा ततो वाक्यमृषिर्ध्यानपरायणः

थाम कर उसे वह उत्तंक के पास लेगयी। वहाँ उसने कहा—हेस्वामिन्! किस बुरे काम के करने से रात को सोतो सोती यह इस तरह कृमिराशि से व्याप्त होगयी है, सो मुझे बताइये। अपनी पत्नी की बात सुन और कन्या की दशा देखकर ऋषि उत्तंक ध्यानमग्न होगये ॥१५॥ ॥ १६ ॥ ध्यान के द्वारा जब सब बातें मालूम होगयीं तब उन्होंने उसके पूर्वजन्म का वृत्तान्त

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

ऋ० सुनाना प्रारम्भ किया। ऋषि उत्तंक कहने लगे—यह विगत सातवें जन्म में ब्राह्मणी थी भा.
॥१७॥ एक समय यह रजस्वला हुई। उस हालत में भी यह घर के बरतनों को छूती रही। इसी

८ ॥१६॥ज्ञात्वा निवेदयामास तस्याः प्राग्जन्मचेष्टितम्॥ऋषिरुवाच॥ टी०
प्रागियं सप्तमेतीते जन्मनि ब्राह्मणी ह्यभूत्॥ १७ ॥ रजस्वला च
संजाता भांडादीन्यस्पृशत्तदा॥अस्यास्तुपाप्मना तेन जातेयं कृमि
वद्वपुः॥१८॥ रजस्वलायाः पापेन युक्ता भवति सानघे॥ प्रथमेहनि
चांडाली द्वितीये ब्रह्मघातिनी।१९।तृतीये रजकी प्रोक्ता चतुर्थेऽहनि ८

पाप के कारण इसका सारा शरीर कृमिमय हो गया है॥ १८॥ क्योंकि रजस्वला स्त्री पहले
रोज चांडाली, दूसरे दिन ब्रह्महत्यारी और तीसरे दिन धोबिन के समान रहती है। चौथे रोज
वह शुद्ध होती है। उसी समय इसने अपनी सखियोंके साथ कहीं ऋषिपंचमी का पूजन देखा

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

था। जिसका इसने अपमान किया ॥ १९ ॥ २० ॥ इसने उस समय आँखों से वह व्रत देखा था, उसी पुण्य से इस निर्मल ब्राह्मणवंश में उत्पन्न हुई है, और उस व्रत का अपमान करने

शुद्ध्यति ॥ तदा तया सखीसंगाद्व्रतं दृष्ट्वावमानितम् ॥ २० ॥ दृष्टव्रतप्रभावेण संजाता द्विजकुलेऽमले ॥ अपमानाद्व्रतस्यास्य कृमिराशिमयीधुना ॥ २१ ॥ एतत्ते कथितं सर्वकारणं दुष्कृतस्य च ॥ सुशीलोवाच ॥ दर्शनादपियस्यास्यविप्राणां निर्मले कुले ॥ २२ ॥ जन्म युष्मद्विधानां हि जायते ब्रह्मतेजसाम् ॥ अवज्ञया

के कारण यह इस समय कृमिराशिमयी होगयी है ॥ २१ ॥ इसके जो कुछ दुष्कृत थे, मैंने कह सुनाये। इतनी कथा सुनकर सुशीला (कन्या की माता) ने कहा—जिस व्रत का केवल दर्शन कर लेने से ब्राह्मणकुल में जन्म होता है, जिस कुल में आप जैसे ब्रह्मतेजस्वी ब्राह्मण

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

जन्म लेते हैं और उस व्रत का अपमान करने से मनुष्य कृमिराशिमय होजाता है॥ २२ ॥ २३॥
तब तो वह व्रत बड़ा आश्चर्य कर्म करने वाला है। अतएव आप मुझे वह व्रत बतलावें।

प्रजायंते निशीथे कृमिराशयः ॥२३॥ महाश्चर्यकरन्नाथ तद्व्रतं कथयस्वमे ॥ ऋषिरुवाच॥ सुशीले शृणु तत्सम्यग्व्रतानामुत्तमं व्रतम् ॥२४॥येन चीर्णेनसहसापापादस्मात्प्रमुच्यते॥दुःखत्रयाच्च मुच्येत नारीसौभाग्यमाप्नुयात्॥२५॥कल्याणानि विवर्द्धन्ते संपदश्च निरापदः॥ नभस्ये शुक्लपक्षे तु यदा भवति पंचमी ॥ २६ ॥ नद्यादिषु

ऋषि उत्तंक बोले—हे सुशीले ! तुम सब व्रतों में उत्तम वह व्रत सुनो ॥ २४ ॥ जिसके करने से मनुष्य ऐहिक पापों तथा दैहिक, दैविक और भौतिक इन तीनों प्रकार के पापों से मुक्त होजाता है और स्त्री अटल सौभाग्य प्राप्त करती है ॥ २५ ॥ इस व्रत को करनेवाले प्राणी

CC-0.Courtesy Shri K.S.Panwar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

का सब प्रकार कल्याण होता है। उसकी सब सम्पत्तियाँ विपत्तिहीन हो जाती हैं। भाद्रपद मास के शुक्लपक्ष में जो पंचमी होती है॥ २६॥ उस रोज नदी या सरोवर आदि में स्नान करके नित्यकृत्य करे। इसके बाद उस मण्डप में जाय, जहाँ कि विधिपूर्वक ऋषियों की स्था-

तदास्नात्वाकृत्वा नियममेवच ॥ विधाय नित्यकर्माणि गत्वा द्वा-रवतीमृषीन्॥२७॥स्नापयेद्विधिवद्भक्त्या पंचामृतरसैःशुभैः॥ चंद-नागरुकर्पूरैर्विलिप्य च सुगंधिभिः॥ पूजयेद्विविधैः पुष्पैर्गंधधूपादि-दीपकैः॥२८॥ समाच्छाद्य शुभैर्वस्त्रैः सोपनीतैर्यथाविधि॥ ततो नैवे

पना की गयी हो॥ २७॥ उस जगह ऋषियों को पंचामृत से विधिवत् स्नान करावे। इसके पश्चात् चन्दन, अगर, कपूर आदि सुगंधित द्रव्यों का उनके शरीर में लेप करे॥ २८॥ तद-नन्तर यज्ञोपवीत पहना कर अच्छी तरह वस्त्र ओढ़ावे और पुष्प, धूप, दीप आदि सामग्रियों

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

से विधिवत् पूजन करे। इसके बाद नैवेद्य समर्पण करके अर्घ्य दे ॥ २९ ॥ कश्यप, अत्रि, भर-
ऋ० द्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और वशिष्ठ, ये हो सातों ऋषि ॥ ३० ॥ मेरे दिये इस भा०
१० द्यसंपन्नमर्घ्यं दद्याच्छुभैर्जलैः ॥२९॥ कश्यपोऽत्रिर्भरद्वाजो विश्वा- टी०
मित्रस्तु गौतमः। जमदग्निर्वशिष्ठश्च सप्तैते ऋषयः स्मृताः ॥३०॥
गृह्णन्त्वर्घ्यं मया दत्तं संतुष्टाः सन्तु मे सदा ॥ श्रोतव्यमिदमाख्या-
नं शाकाहारं प्रकल्पयेत् ॥३१॥ स्थातव्यं ब्रह्मचर्येण ऋषिध्यानप-
रायणैः ॥ अनेन विधिना सम्यग् व्रतमेतत्समाचरेत् ॥ ३२ ॥ तस्य
अर्घ्य को स्वीकार करें और मेरे पर सदा प्रसन्न रहें। इसके बाद यह आख्यान सुने। जिस
दिन यह व्रत करे, उस रोज केवल शाकाहार करे ॥ ३१ ॥ ऊपर गिनाये सातों ऋषियों का १०
ध्यान करता हुआ ब्रह्मचर्य व्रत धारण करके रहे। इस विधान से भली भाँति यह व्रत करे

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

॥ ३२ ॥ सब तीर्थों में स्नान करने से जो पुण्य होता, सब प्रकार के दान करने से जो फल प्राप्त होता, वही फल यह व्रत करने से भी प्राप्त होता है ॥ ३३ ॥ जो स्त्री यह व्रत करती है,

यज्जायते पुण्यं सर्वतीर्थेषु यत्फलम् ॥ सर्वदानेषु यत्पुण्यं तदस्य व्रतचारणात् ॥३३॥ कुरुतेयाव्रतंचैतत्सानारीसुखभागिनी ॥ रूप-लावण्यसंयुक्ता पुत्रपौत्रादिसंयुता ॥३४॥ इहलोकेसदैवस्यात्पर-त्राप्यक्षयागतिः॥व्रतस्यास्यप्रभावेणजातिंस्मरतिपौर्विकाम् ॥३५॥

इति हेमाद्रौ ब्रह्माण्डे ऋषिपञ्चमीकथा समाप्ता ।

वह सब सुखों का भोग करती और रूप तथा सुन्दरता युक्त आयु भोगती है ॥ ३४ ॥ इस लोक में तो वह सब प्रकार से सुखी रहती ही है, परलोक में भी अक्षय गति को प्राप्त होती है । इस व्रत के प्रभाव से उसे अपने पूर्व जन्म का हाल भी मालूम हो जाता है ॥ ३५ ॥इति॥

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parlhar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

अब भविष्योत्तर पुराण की ऋषिपंचमी कथा प्रारम्भ होती है। श्री युधिष्ठिरने भगवान् कृष्ण से कहा—हे देवदेवेश! मैंने बहुत से व्रत सुने। अब मुझे पाप नाश करने वाला कोई

अथ भविष्योत्तरोक्तऋषिपंचमीकथा॥ युधिष्ठिर उवाच। श्रुतानि देवदेवेश व्रतानि सुबहूनि च॥ सांप्रतंमेऽन्यदाचक्ष्व व्रतं पापप्रणाशनम्॥ १॥ श्रीकृष्ण उवाच॥ अथान्यदपि राजेन्द्र पंचमीमृषिसंज्ञिताम्॥ कथयिष्यामि यत्कृत्वा नारी पापात्प्रमुच्यते॥ २॥ युधिष्ठिर उवाच॥ कीदृशी पंचमी कृष्ण कथं च ऋषिसंज्ञिता॥ पा-

और व्रत बतलाइए ॥ १ ॥ श्री कृष्ण बोले—हे राजेन्द्र! अब मैं आपको एक ऋषिपंचमी नामक व्रत बताता हूं, जिसके करने से स्त्रियाँ पाप से छूट जाती हैं ॥ २ ॥ इस पर युधिष्ठिर ने कहा—हे कृष्ण! वह कैसी पंचमी है, उसका ऋषिनाम कैसे पड़ा? और हे यदुकुलोत्पन्न

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

कृष्ण ! उस व्रत को करने से स्त्रियाँ पापमुक्त क्यों कर होजाती हैं ? ॥ ३ ॥ क्योंकि इस संसार में बहुत से पाप हैं, तो फिर ऋषिपंचमी का व्रत करने से स्त्रियाँ पाप से क्यों छूटती हैं ॥ ४ ॥

तकान्मुच्यते कस्मान्नारीयदुकुलोद्भव ॥३॥ पापानि च बहून्यत्र विद्यंते किल केशव ॥ कथं वा ऋषिपंचम्या नारी कस्मात्प्रमुच्यते ॥४॥ कृष्ण उवाच॥ अज्ञानाज्ज्ञानतो वापि या स्त्री जाता रजस्वला॥ दुष्टास्पृशति भांडानि गृहकर्माणि संस्थिता ॥५॥ प्राप्नोति सा महा पापं सत्यंसा नरकं व्रजेत् ॥ शृणु तत्कारणं यस्माद्वर्जनीया रजस्व-

श्री कृष्णने कहा—जो कोई स्त्री जानकर या अनजान में रजस्वला हो जाती और उस हालत में भी गृहस्थी का काम—धंधा करती हुई बरतन वगैरह छूती है ॥ ५ ॥ तो उसे बड़ा पाप लगता है । इस पापके वश उसे नरक में जाना पड़ता है। वह रजस्वला वर्जित क्यों मानी गयी

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

है, मैं आप को इस का कारण बतलाता हूं ॥ ६ ॥ हे भारत ! ब्राह्मण आदि चारों वर्णों के लोगों का यह कर्तव्य है कि जब स्त्री रजस्वला हो जाय तो उसे घरके कामों से अलग करदें ।

ला॥६॥भोत्सार्याचार्हता दूरे चातुर्वर्ण्येन भारत॥ब्रह्महत्यां पुरा श-
क्रो वृत्रं हत्वा ह्यवाप च।७।तया वै राजशार्दूल व्रीडितो वृत्रसूदनः॥
ब्रह्माणं समुपागच्छदात्मनः शुद्धिकारणात्॥ ८ ॥ ततो देवैः समं
ब्रह्मा क्षणं ध्यात्वा चकार वै॥ शुद्धिं शक्रस्य राजेन्द्र प्रहृष्टेनांतरा
त्मना॥९॥विभज्य ब्रह्महत्यां तु चतुर्धा वै चतुर्मुखः॥प्राक्षिपद्राजशा

बहुत दिनों की बात है, जब इन्द्रने वृत्रासुर का बध किया था, तब उनके पास ब्रह्महत्या आ पहुंची । इससे इन्द्र बड़े शर्माये और अपनी शुद्धि कराने के निमित्त ब्रह्माजी के पास गये ॥ ॥ ७ ॥ ८ ॥ ब्रह्माजी ने सब देवताओं के साथ कुछ देर तक इस विषय में परामर्श किया । फिर

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

खुशी मनसे उनकी शुद्धि करली ॥ ९ ॥ ब्रह्माजीने उसी समय उस ब्रह्महत्या के चार भाग किये और उन्हें चार स्थानों में बाँट दिया ॥ १० ॥ जैसे कि एक भाग अग्नि की ज्वाला में,

दूल चतुःस्थानेषु वै तदा ॥ १० ॥ वह्निः प्रथमज्वालासु नदीषु प्रथमोदके ॥ पर्वतेषु च राजेंद्र नारीरजसि पार्थिव ॥ ११ ॥ अतो रजस्वला नारी प्रोत्सार्या च प्रयत्नतः ॥ ब्रह्मणः शासनात्पार्थ चातुर्वर्ण्येन सर्वदा ॥ १२ ॥ "प्रथमेऽहनि चांडाली द्वितीये ब्रह्मघातकी ॥ तृतीये रजकी प्रोक्ता चतुर्थेहनि शुद्ध्यति ॥ १३ ॥ अज्ञानाज्ज्ञानतो वापि

दूसरा नदी के बरसाती जल में, तीसरा पर्वतों में और चौथा स्त्रियों के रज में ॥ ११ ॥ इसी कारण रजस्वला स्त्रीको यत्न पूर्वक दूर रखे। क्योंकि ब्रह्माने चारों वर्णवालों के लिए यह आज्ञा दी है ॥ १२ ॥ उन्हों ने कहा है—रजस्वला स्त्री पहले दिन चांडाली के समान, दूसरे दिन

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

ब्रह्महत्यारिणी, तीसरे दिन धोबिन की तरह रहती और चौथे रोज शुद्ध होती है ॥ १३ ॥ अज्ञान से अथवा ज्ञानसे यदि संपर्कजन्य कोई पातक हो ही जाय तो उस पाप का नाश करने

जातं संपर्कपातकम् ॥ तत्पापसंक्षयार्थं वै कार्येयमृषिपंचमी ॥१४॥
सर्वपापप्रशमनी सर्वोपद्रवनाशिनी ॥ ब्रह्मक्षत्रियविट्शूद्रैः स्त्रीभिः
कार्या विशेषतः ॥१५॥ अत्रार्थे यत्पुरा वृत्तं प्रवक्ष्यामि कथानकम्॥
पुरा कृतयुग राजा विदर्भायां बभूव ह ॥ १६ ॥ श्येनजिन्नाम राज-

के लिए यह ऋषिपंचमी का व्रत करना चाहिए ॥ १४ ॥ यह ऋषिपंचमी सब पापों को नाश करनेवाली और सब प्रकार के उपद्रव नष्ट करने वाली है । इस कारण ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र, सभी वर्ण की स्त्रियों को यह व्रत अवश्य करना चाहिए ॥१५॥ एक कथा है कि विदर्भ देशमें श्येनजित् नाम का एक राजा हुआ जो चारों वर्णों का पालन करने वाला था ।

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

उसके राज में वेद और वेदांगों का पारगामी सुमित्र नाम का एक ब्राह्मण रहता था ॥१६॥१७॥
वह सब प्राणियों के हित में लगा हुआ था । वह खेती का धंधा करके अपने कुटुम्ब का

र्षिश्चातुर्वर्ण्यानुपालकः ॥ तस्य देशेऽवसाद्विप्रो वेदवेदांगपारगः ॥१७॥ सुमित्रो नाम राजेन्द्र सर्वभूतहिते रतः॥ कृषिवृत्त्या सदा युक्तः कुटुम्बपरिपालकः ॥१८॥ तस्य भार्या सुसाध्वी च पतिशुश्रूषणे रता ॥ जयश्रीर्नामविख्याता बहुभृत्यसुहृज्जना ॥१९॥ अतिचिंतान्विता सा च प्रावृट्काले सुमध्यमा॥क्षेत्रादिषु रता साध्वी व्याकुली

भरण-पोषण करता था ॥ १८ ॥ उसकी स्त्री भी बड़ी साध्वी और पति की सेवामें तत्पर थी। उसका नाम था जयश्री । उसके बहुत से सेवक और मित्र थे ॥ १९ ॥ एक रोज बरसात का समय था, वह खेती के काम में लगी थी, वह बड़ी चिन्तित थी, उसका मन व्याकुल था

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

॥२०॥ इसी बीच में उसे रजोधर्म होने लगा और उसने देखा भी। लेकिन तिस पर भी वह
स्क० अपने घर का धन्धा करती ही रही ॥२१॥ उसने घर में बरतन—भँडवे भी छुए। इसके अनन्तर

१४ कृतमानसा ॥ २० ॥ एकदा सात्मनः प्राप्तमृतुकालं व्यलोकयत् ॥
रजस्वलापि सा राजन् गृहकर्म चकार ह ॥२१॥ भंडादीन्यस्पृश-
द्राजन्नृतौ प्राप्तेऽपि भामिनी ॥ कालेनाबहुना साध्वी पंचत्वमग-
मत्तदा ॥२२॥ तस्या भर्तापि विप्रोसौ कालधर्ममुपेयिवान् ॥ एवं
तौ दंपती राजन्स्वकर्मवशगौ तदा ॥ २३ ॥ भार्या तस्य जयश्रीः १४

थोड़े ही दिनों के भीतर वह मर गयी ॥ २२ ॥ उसका पति भी कुछ दिन बाद मर गया। इस तरह वे दोनों मर कर अपने अपने कर्म का फल भोगने लगे ॥ २३ ॥ उसकी स्त्री जयश्री ऋतुसम्पर्क के दोष वश कुतिया हुई और सुमित्र ब्राह्मण उस स्त्री का सम्पर्क करने के कारण

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

बैल हुए। इस प्रकार दोनों कर्मानुसार फल भोगने लगे। ऋतुसंपर्क के दोष से दोनों ही को पशुयोनि में पड़ना पड़ा। लेकिन फिर भी इन दोनों ने इस अपराध के सिवाय बाकी

सा ऋतुसंपर्कदोषतः ॥ शुनीयोनिमनुप्राप्ता सुमित्रोऽपि नरेश्वरः ॥ २४ ॥ तस्याः संपर्कदोषेण बलीवर्दो बभूव ह ॥ एवं तौ दंपती राजन्स्वकर्मवशगौ तदा ॥ २५ ॥ ऋतुसंपर्कदोषेण तिर्यग्योनिमुपागतौ ॥ स्वधर्माचरणाज्ज्ञाताबुभौ जातिस्मरौ तथा ॥२६॥ सतस्यैव गृहे राजन्स्मरंतौ पूर्वपातकम्॥ स सुमित्रस्य पुत्रोऽभूद्गुरुशु-

सभी धर्मों का पालन किया था। इस कारण इनको अपने पूर्व जन्म की बात याद रही ॥ २४ ॥ २५ ॥ २६ ॥ वे दोनों अपने पूर्व जन्म को करनी का स्मरण करते हुए अपने बेटे के घर में रहने लगे। सुमित्र के बेटे का नाम था सुमति। वह बड़ा धर्मात्मा, देवता और अति-

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

॥२०॥ इसी बीच में उसे रजोधर्म होने लगा और उसने देखा भी। लेकिन तिस पर भी वह
२० अपने घर का धन्धा करती ही रही ॥२१॥ उसने घर में बरतन-भँडवे भी छुए। इसके अनन्तर
१४ कृतमानसा ॥ २० ॥ एकदा सात्मनः प्राप्तमृतुकालं व्यलोकयत् ॥
रजस्वलापि सा राजन् गृहकर्म चकार ह ॥२१॥ भंडादीन्यस्पृश-
द्राजन्मृतौ प्राप्तेऽपि भामिनी ॥ कालेनाबहुना साध्वी पंचत्वमग-
मत्तदा ॥२२॥ तस्या भर्तापि विप्रोसौ कालधर्ममुपेयिवान् ॥ एवं
तौ दंपती राजन्स्वकर्मवशगौ तदा ॥ २३ ॥ भार्या तस्य जयश्रीः १४
थोड़े ही दिनों के भीतर वह मर गयी ॥ २२ ॥ उसका पति भी कुछ दिन बाद मर गया। इस
तरह वे दोनों मर कर अपने अपने कर्म का फल भोगने लगे ॥ २३ ॥ उसकी स्त्री जयश्री
ऋतुसम्पर्क के दोष वश कुतिया हुई और सुमित्र ब्राह्मण उस स्त्री का सम्पर्क करने के कारण

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

बैल हुए । इस प्रकार दोनों कर्मानुसार फल भोगने लगे। ऋतुसंपर्क के दोष से दोनों ही को पशुयोनि में पड़ना पड़ा। लेकिन फिर भी इन दोनों ने इस अपराध के सिवाय बाकी

सा ऋतुसंपर्कदोषतः ॥ शुनीयोनिमनुप्राप्ता सुमित्रोऽपि नरेश्वरः ॥ २४ ॥ तस्याः संपर्कदोषेण बलीवर्दो बभूव ह ॥ एवं तौ दंपती राजन्स्वकर्मवशगौ तदा ॥ २५ ॥ ऋतुसंपर्कदोषेण तिर्यग्योनिमुपागतौ ॥ स्वधर्माचरणाज्ज्ञ। तावुभौ जातिस्मरौ तथा ॥२६॥ सतस्यैव गृहे राजन्स्मरंतौ पूर्वपातकम् ॥ स सुमित्रस्य पुत्रोऽभूद्गुरुशु-

सभी धर्मों का पालन किया था। इस कारण इनको अपने पूर्व जन्म की बात याद रही ॥ २४ ॥ २५ ॥ २६ ॥ वे दोनों अपने पूर्व जन्म की करनी का स्मरण करते हुए अपने बेटे के घर में रहने लगे। सुमित्र के बेटे का नाम था सुमति। वह बड़ा धर्मात्मा, देवता और अति-

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

थियों को पूजने वाला था। जब कि उसके पिता की क्षयाहतिथि आयी तो सुमति ने ॥ २७॥
अ० ॥ २८ ॥ अपनी चन्द्रावती नाम की स्त्री से बड़ी श्रद्धा के साथ कहा कि हे चारुहासिनी ! भा.
१५ ऽपूषणे रतः॥२७॥ सुमतिर्नाम धर्मज्ञो देवतातिथिपूजकः॥ अथ क्ष- टी.
याहे संप्राप्ते पितुस्तु सुमतिस्तदा ॥२८॥ भार्यां चन्द्रावती प्राह सु-
मतिः श्रद्धयान्वितः॥ अद्य सांवत्सरादिनं पितुर्मे चारुहासिनि॥२९॥
भोजनीया द्विजा भीरु पाकसिद्धिर्विधीयताम्॥ तया कृता पाकसि-
द्धिः सुमतेर्भर्तुराज्ञया ॥३०॥ मुक्तं पायसभांडे वै सर्पेण गरलं ततः॥
आज मेरे पिता की क्षयाह तिथि है ॥ २९ ॥ आज हमें ब्राह्मण भोजन कराना है। सो तुम
रसोई बनाकर तैयार करो। पति की आज्ञा से उसने झटपट रसोई तैयार कर दी ॥ ३० ॥
इसी बीच में एक साँप ने आकर रसोई में विष उगल दिया। कुतिया (सुमति की माता) १५

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

बैठी यह घटना देख रही थी। अब उसने सोचा कि यदि ब्राह्मण यह रसोई खायेंगे तो मर जायेंगे। इस कारण उसने जाकर चौका ही छू लिया ॥ ३१ ॥ सुमति की स्त्री ने कुतिया की यह

दृष्ट्वा ब्रह्मवधाद्भीता शुनी भांडानि सास्पृशत् ॥ ३१ ॥ द्विजभार्या च तां दृष्ट्वा उल्मुकेन जघान ह ॥ भांडादीनिच प्रक्षाल्य त्यक्त्वा पाकं सुमध्यमा ॥ ३२ ॥ पुनः पाकं च कृत्वा तु श्राद्धं कृत्वा विधानतः ॥ ततो भुक्तेषु विप्रेषु नोच्छिष्टं च ददौ बहिः ॥ ३३ ॥ भूमौ क्षिप्तं तया शुन्या उपवासस्तदाभवत् ॥ ततो रात्र्यां प्रवृत्तायां सा शनी क्षाधता भृशम्

हरकत देखकर उसे जलती लुआठी से मारा। उस भोजन को अलग करके उसने बर्तन आदि धो डाले ॥ ३२ ॥ फिर से रसोई तैयार की और विधिवत् श्राद्ध किया। ब्राह्मण भोजन कर चुके तो भी उसने उस कुतिया को कौरा (ग्रास) तक नहीं दिया बल्कि ज़मीन में फेंक दिया। इस

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

लिए उस रोज़ कुतिया का उपवास हो होगया । जब रात हुई तो वह भूखी कुतिया ॥३३॥
॥ ३४ ॥ अपने भूतपूर्व स्वामी बैल के पास जाकर बोली—हे स्वामी ! मैं बड़ी भूखी हूं, आज

॥३४॥ बलीवर्दमुपागत्य भर्तारमिदमब्रवीत्॥ बुभुक्षिताद्य हेभर्तर्न
दत्तं भोजनादिकम् ॥३५॥ ग्रासादिकं च न प्राप्तं क्षुधा मां बाधते
भृशम् ॥ अन्यस्मिन्दिवसे पुत्रोममलेहंददात्यसौ॥३६॥ अद्य मह्यं
किमप्येषउच्छिष्टमपि नोददौ ॥ पायसान्ने पपाताद्य गरलं सर्पसंभ-
वम् ॥३७॥ मया विचिंत्यमनसा मरिष्यन्ति द्विजोत्तमाः॥ संस्पृष्टं

मुझे कुछ भी खाने को नहीं मिला । एक टुकड़ा भी नहीं मिला, इसलिए भूख मुझे विशेष सता रही है । और रोज तो मेरा बेटा मुझे चाटने-चूटने भर को कुछ दे भी देता था, पर आज उसने थोड़ा सा जूठा भी नहीं दिया । कारण यह हुआ कि रसोईघर में आज खीर बनी थी,

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

उसमें एक सर्प ने विष उगल दिया ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ मैंने सोचा कि यह खीर खाने से बेचारे ब्राह्मण मर जायँगे, इससे जाकर वह खीर मैंने छूली। इस पर मेरी पुत्रबधू ने मुझे

पायसं गत्वा बद्ध्वा संताडिता भृशम् ॥३८॥ दुःखितं तेन मे गात्र कटिर्भग्ना करोमि किम्। ततः प्राह स चानड्वान् भद्रे ते पापसंग्रहात् ॥ ३९ ॥ किं करोमि ह्यशक्तोऽहं भारवाहत्वमागतः ॥ अद्याहमात्मनः क्षेत्रे वाहितः सकलं दिनम् ॥४०॥ मारितश्चात्मजेनाहं मुखं बद्ध्वा बुभुक्षितः ॥ वृथा श्राद्धं कृतं तेन जाताद्य मम कष्टता

बुरी तरह पीटा ॥ ३८ ॥ इससे मुझे बड़ा दुःख हुआ और चोट तो ऐसी लगी कि मेरी कमर टूट गयी। अब मैं क्या करूँ ? बैलने जवाब दिया—भद्रे ! तुम्हारे पापसंग्रह से मेरी भी तो दुर्दशा है ॥ ३९ ॥ मैं भी तो उस उत्तम योनि से इस बोझा ढोनेवाली योनि में आ पहुंचा

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

हूं। आज दिन भर मैं भी हल में जुता हुआ खेत जोतता रहा ॥ ४० ॥ मेरे बेटे ने
ग्र० मेरा मुँह बाँध कर भूखा रखकर खूब पीटा। आज इसने जो यह श्राद्ध किया है, वह व्यर्थ

१७ ॥ ४१ ॥ कृष्ण उवाच। तयोः संवदतोरेव मातापित्रोश्च भारत। श्रुत्वा भा.
पुत्रस्तथा वाक्यं यदुक्तं च तदोभयोः ॥ ४२ ॥ पितरौ तौ विदित्वा टी.
तु दत्तवान्सुमतिस्तदा। तस्यांरजन्यांतत्काले ददौ तस्य च भोजनम्
॥ ४३ ॥ तदाऽसौ दुःखितः पुत्रो ज्ञात्वावस्थां तथा तयोः ॥ मातापि-

है। क्योंकि मुझे इससे सुख न मिलकर दुःख ही हुआ है ॥ ४१ ॥ श्रीकृष्णचन्द्र जी कहते हैं हे
भारत ! जब कि वे दोनों आपस में इस तरह बातें कर रहे थे। इसी बीच में उसका बेटा भी
वहाँ आ पहुँचा और चुपके से उनकी बातें सुन लीं ॥ ४२ ॥ इस से उसे विश्वास होगया कि १७
ये दोनों मेरे भूतपूर्व पिता माता हैं। फिर क्या था उसी रात्रि के समय उसने उन दोनों को

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

भर पेट भोजन कराया ॥४३॥ उस दुःखी बेटे ने जब अपने पिता माता की यह दुर्दशा देखी तो हे राजेन्द्र ! वह तुरन्त वन को चला गया ॥ ४४ ॥ वहाँ वह यही जानने गया था

त्रोस्तु राजेंद्र द्रुतं संप्रास्थितो वनम् ॥ ४४ ॥ ज्ञातुमिच्छामि वै कष्टमिति निश्चित्य भारत ॥ तत्र गत्वा ज्ञानवृद्धानृषीन् परमधार्मिकान् ॥४५॥ प्रणिपत्याब्रवीद्वाक्यं हितं चैव तदा तयोः ॥ सुमतिरुवाच॥कथयध्वं विप्रवर्याःप्रश्नमेकं समाहिताः॥४६॥ केन कर्मविपाकेन पितरौ मे तपोधनाः॥ इमामवस्थां संप्राप्तौ मोक्ष्यते पातकात्कथ-

कि मेरे माता पिता ऐसी तकलीफ में क्यों है ? वह बन में पहुंचा तो वहाँ के कितने ही धर्मात्मा और ज्ञानवृद्ध ऋषियों से मिला और उनसे वह बात पूछी ॥ ४५ ॥ उसने उन ऋषियों को साष्टांग प्रमाण करने बाद कहा—हे श्रेष्ठ ब्राह्मणों ! आप सब सावधान चित्त

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

होकर मेरे एक प्रश्न का उत्तर दें ॥ ४६ ॥ किस कर्म के फल से मेरे पिता-माता इस अवस्था
को प्राप्त हुए हैं और कौन सा उपाय किया जाय, जिससे वे इस दुःखसे छुटकारा पाजायँ॥४७॥

म ॥४७॥ कृष्ण उवाच ॥ तदाकर्ण्य वचस्तस्य सुमतेर्दुःखितस्य च ॥
ऋषिः सर्वतपा नाम सर्वज्ञःकरुणान्वितः ॥४८॥ सुमतिः प्रत्युवाचेदं
तत्पित्रोर्मुक्तये तदा ॥ ऋषिरुवाच ॥ तव माता पुरा विप्र स्वगृहे बाल-
भावतः ॥४९॥ प्राप्तामृतु विदित्वा त संपर्कमकरोद्द्विज । तेनकर्मवि-
पाकेनशुनीयोनिमुपागता ॥५०॥ पिताऽपिस्पर्शदोषेणबलीवर्दो-

श्रीकृष्णचन्द्रजी कहते हैं-उन ऋषियों में सर्वतपा नाम के एक ऋषि थे । जब उन्होंने
सुमति की ये बातें सुनीं तो उन्हें बड़ी दया आई ॥ ४८ ॥ और उन्होंने उसके पिता-माता का
संकट दूर करने के लिये कहा-पूर्वजन्म में तुम्हारी माता ने लड़कपन के कारण ॥ ४९ ॥ ऋतु

थे

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

काल को प्राप्त होकर घर की सब चीजें छुई थीं। उसी पापकर्म के कारण वह कुतिया हुई है ॥ ५० ॥ तुम्हारे पिता ने भी तुम्हारी माता का स्पर्श किया था, इस कारण वे भी बैल हुए

बभूवह। एतयोर्मुक्तिकामार्थंकुरुत्वमृषिपंचमीम् ॥ ५१ ॥ भार्यया सह विप्रेंद्र ऋषीन्संपूज्ययत्नतः॥ आचरस्वव्रतंतत्रसप्तवर्षं द्विजोत्तम ॥५२॥ अंतेचोद्यापनं कुर्याद्वित्तशाठ्यविवर्जितः॥ शाकाहारस्तुकर्त्तव्योनीवारैः श्यामकैस्तथा ॥५३॥ कंदैर्वाफलैर्मूलैर्हलकृष्टंनभ-

है। यदि तुम इन दोनों का उद्धार करना चाहते होओ तो ऋषिपंचमी का व्रत करो ॥ ५१ ॥ अपनी स्त्री के साथ-साथ सप्त ऋषियोंका यत्न से पूजन कर करके सात वर्ष यह व्रत करो॥५२॥ इसके बाद कंजूसी छोड़कर इस व्रत का उद्यापन करो। इस व्रत के रोज़ केवल शाकाहार करके रहे या नीवार (तिन्नी) सावाँ, कन्द, फल-फूल खाय, लेकिन हल जोतकर जो वस्तु

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

खेत से तैयार होता हो, वह न खाय। भाद्रपद्र मास के शुक्लपक्ष की पंचमी को ॥ ५३ ॥ ५४॥
दोपहर के समय नदी या तालाब आदि के विमल जल से अपामार्ग (चिचिड़ो) की लकड़ी

क्षयेत॥ प्राप्य भाद्रपदे मासे शुक्लेपक्षेतुपञ्चमीम्॥ ५४ ॥ तस्यां
मध्याह्न समये नद्यादौ विमले जले॥ कृत्वापामार्गसमिधादंतधाव-
नमादितः॥ ५५॥ आयुर्बलं यशोवर्चः प्रजाःपशुवसूनिच। ब्रह्मप्र-
ज्ञां चमेधादि त्वन्नो देहिवनस्पते॥ ५६ ॥ संप्रार्थ्यानेन मंत्रेण कु-

की दतौन करे ॥ ५५ ॥ जिस समय कि वह दातौन करने लगे तो "आयुर्बलं" आदि मन्त्र
पढ़ता जाय। उसका अर्थ यह है कि हे वनस्पते! तुम मुझे आयु, बल, यश, तेज, प्रजा
(सन्तान) पशु, धन, ब्रह्मविद्या (वेद) और बुद्धि आदि प्रदान करो ॥ ५६ ॥ इस मंत्र से
प्रार्थना करने के बाद दातौन करनी चाहिये। दातौन इसी लिए की जाती है कि जिससे मुख

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

की दुर्गन्धि नष्ट होजाय, दाँत साफ होजायँ ॥ ५७ ॥ और मेरा शरीर शुद्ध होजाय इसी से मैं दातौन करता हूं। इस मंत्र से दाँत साफ़ करके पहले सारे शरीर में मिट्टी लगाकर स्नान करे

र्यद्वै दंतधावनम् ॥ मुखदुर्गन्धिनाशाय दंतानां च विशुद्धये ॥५७॥ ष्ठीवनाय च गात्राणां कुर्वेऽहं दंतधावनम् ॥ अनेन दन्तान्संशो-ध्य स्नायान्मृत्स्नानपूर्वकम् ॥५८॥ तिलामलककल्केन केशान्सं-शोध्य यत्नतः ॥ परिधाय नवे शुद्धे वाससी च समाहितः ॥ ५९ ॥ पूजयस्वसप्त ऋषीनरुंधत्यासमन्वितान् ॥ कश्यपोऽत्रिर्भरद्वाजो वि-

॥ ५८ ॥ तिल, आँवले या बालछड़ से यत्नपूर्वक केशों को साफ़ करके प्रसन्न चित्त से शुद्ध कपड़े पहने ॥ ५९ ॥ इसके बाद अरुधन्ती के साथ सप्त ऋषियों का पूजन करे उन सात ऋषि-यों में कश्यप, अत्रि, भरद्वाज, विश्वामित्र और गौतम, जमदग्नि, वशिष्ठ तथा अरुधन्ती हैं।

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

इसी मंत्र से प्रसन्नतापूर्वक सप्तर्षियों का पूजन करना चाहिये ॥ ६० ॥ ६१ ॥ जो स्त्री या पुरुष ऋषिपंचमी का व्रत नहीं करता तो उसका ऋतुके संपर्कसे जायमान दोष नष्ट नहीं होता इसमें

श्वामित्रोऽथ गौतमः॥६०॥जमदग्निर्वशिष्ठश्च साध्वी वै वाप्यरुंधती ॥ मंत्रेणानेन सप्तर्षीन्पूजयेत्सुसमाहितः॥ ६१ ॥ व्रतेन ऋषिपंचम्याःकृतेनैव द्विजोत्तम ॥ ऋतुसंपर्कजो दोषःक्षयं याति न संशयः ॥६२॥ श्रीकृष्ण उवाच ॥ तच्छ्रुत्वा सुमतिर्वाक्यं परमं ऋषिभाषितम् ॥ गृहमेत्य व्रतं चक्रे सभार्यः श्रद्धयान्वितः ॥६३॥ व्रतं तु

कोई संशय नहीं है ॥ ६२ ॥ श्रीकृष्णचन्द्रजी कहते हैं—सुमति ऋषियों की यह बात सुनकर घर आया और बड़ी श्रद्धा के साथ उसने ऋषिपंचमी का व्रत किया ॥ ६३ ॥ ऋषिपंचमी का

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

व्रत सब प्रकार के पाप दूर करनेवाला है। उस सुमति ने जैसा कि उन ऋषियों ने बताया था उसी तरह व्रत करके उस व्रत का जो फल था, सो सब फल अपने माता पिता को दे डाला

ऋषिपंचम्याः सर्वपापप्रणाशनम् ॥ कृत्वा सर्वं यथोक्तं च मातापित्रोः फलं ददौ ॥ ६४ ॥ व्रतपुण्यप्रभावेण माता तस्य श्वयोनितः ॥ मुक्ता नृपतिशार्दूल विमानवरसंस्थिता ॥ ६५ ॥ दिव्यांबरधरा भूत्वा गता स्वर्गं च भारत ॥ पिताऽपि स मृतो मुक्तः सुमतेःपशुयोनितः ॥ ६६ ॥ स्वर्गं प्राप्तो महाराज व्रतस्याऽस्य प्रभावतः ॥ कायिकं

॥ ६४ ॥ उस व्रत के पुण्यबल से उसकी माता उस कुतिया की योनि से छुटकारा पागयी वह एक सुन्दर विमान पर सवार हुई ॥ ६५ ॥ और दिव्यवस्त्र पहनकर स्वर्ग लोकको चली गयी। सुमति का पिता भी मर कर उस पशुयोनि से छूट गया ॥ ६६ ॥ और इसी व्रत के प्रभाव से

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

स्वर्गलोक को चला गया। कायिक (शरीर से किये हुए) वाचिक (बचन से किये) तथा
मानस (मन से किये गये) सभी पाप इस व्रत के प्रभाव से नष्ट होजाते हैं। इस व्रत के

वाचिकं वापि मानसं यच्च दुष्कृतम्॥६७॥ तत्सर्वं विलयं याति व्रत-
स्याऽस्य प्रभावतः॥ तस्य यज्जायते पुण्यं तच्छृणुष्व नृपोत्तम ६८
सर्वव्रतेषु यत्पुण्यं सर्वतीर्थेषु यत्फलम्। सर्वदानेषु दत्तेषु तदेतद्व्रत-
चारणात्॥६९॥ कुरुते या व्रतं नारी सा भवेत्सुखभागिनी॥ रूप-

प्रभाव से क्या पुण्य होता है सो तुम हे नृपोत्तम! सुनो ॥ ६७ ॥ संसार के समस्त व्रतों को करने से जो पुण्य होता, सब तीर्थों में स्नान करने से जो फल प्राप्त होता और सभी प्रकार के दान करने से जो फल प्राप्त होता, वही फल केवल इस ऋषिपंचमी का व्रत करने मात्र से प्राप्त होजाया करता है ॥ ६८ ॥ ६९ ॥ जो स्त्री यह व्रत करती है, वह सब तरह सुखी, रूप तथा लावण्य से युक्त और पुत्र-पौत्र आदि से युक्त रहती है ॥ ७० ॥ जब तक वह इस लोक में

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

रहतो, तबतक सुखी रहती और मरने के बाद उत्तम गति को प्राप्त होती है। हे राजन्! मैंने तुमको सब व्रतों में उत्तम यह व्रत बतलाया है ॥ ७१ ॥ यह सब सम्पत्तियों का दाता

लावण्ययुक्ता च पुत्रपौत्रादिसंयुता ॥ ७० ॥ इह लोके सदैव स्यात्परत्र च परां गतिम् ॥ एतत्ते कथितं राजन् व्रतानामुत्तमं व्रतम् ।७१। सर्वसंपत्प्रदं चैव नारीणां पापनाशनम्। धन्यं यशस्यं स्वर्ग्यं च पुत्रदं च युधिष्ठिर। पठतां शृण्वतां चापि सर्वपापप्रणाशनम्।।७२।।

इति श्रीभविष्योत्तरपुराणे ऋषिपंचमीव्रतकथा संपूर्णा ॥

और स्त्रियों के पाप नष्ट करनेवाला है। हे युधिष्ठिर! यह व्रत धन, यश, स्वर्ग और पुत्र सब कुछ देता है। जो लोग इस व्रत कथा को पढ़ते या सुनते हैं तो उनके भी सब तरह के पाप दूर होजाते हैं ॥ ७२ ॥ इति श्रीभविष्योत्तरपुराणे ऋषिपंचमीव्रतकथा समाप्त।

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

अब यहाँ से उद्यापन का विधान बतलाते हैं। युधिष्ठिर कहते हैं—हे कृष्ण ! इस व्रतका उद्यापन क्या है कि जिसको करने से पूरा-पूरा फल प्राप्त हो। उस सुमति ने किस विधि से

अथोद्यापनम्। युधिष्ठिर उवाच। किमस्योद्यापनं प्रोक्तंव्रतपूर्ण फलप्रदम्॥ सुमतिःकेन विधिना चकार वद तत्त्वतः॥१॥ श्रीकृष्ण उवाच॥ पूर्वस्मिन्दिवसे कुर्यादेकभुक्तं समाहितः॥ प्रातरुत्थाय सुस्नातस्ततो गुरुगृहं व्रजेत्॥२॥प्रार्थयत्त-ममाचार्यो भवोद्यापन-

यह व्रत किया था सो आप अच्छी तरह हमको बतलाइये॥ १॥ श्रीकृष्णचन्द्र कहते हैं यह व्रत करनेवाले को चाहिये कि व्रत के एक दिन पहले केवल एक बार भोजन करे। सबेरे उठे तो भली भाँति स्नान करे फिर अपने गुरु के घर जाय॥ २॥ और उनसे प्रार्थना करे कि आज आप हमारे उद्यापनकर्म में आचार्य बनें। फिर पूर्वोक्त विधि से स्नान करके किसी शुद्ध

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

स्थान पर गोबर से लीपकर सर्वतोभद्र चक्र बनावे और उसपर साबूत, पानी से भरा भया तामे का या मट्टी का कलश रखे ॥ ३ ॥ ४ ॥ उस कलश के गले में सुन्दर कपड़ा लपेटे, उसमें

कर्मणि ॥ पूर्वोक्तेनैव विधिना स्नात्वा भक्त्या समन्वितः ॥ ३ ॥ शुचौदेशे समालिप्य सर्वतोभद्रमण्डले ॥ अव्रणं सजलं कुम्भं ताम्रं मृण्मयमेव वा ॥ ४ ॥ संस्थाप्य वस्त्रसम्वीतं कण्ठदेशे सुशोभनम् ॥ पंचरत्नसमायुक्तं फलगन्धाक्षतैर्युतम् ॥ ५ ॥ सहिरण्यं समाच्छाद्य ताम्रेण पटलेन वा ॥ वंशमृण्मयपात्रेण य-

पंचरत्न डाले । फिर फल, गंध, अक्षत आदि डाले और थोड़ासा सुवर्ण भी डाले। इसके बाद ताम्रपत्र से, बाँस के बरतन अथवा यव भरे भये मिट्टी के बरतनें से उसे ढाँक दे ॥ ५ ॥ ६ ॥ इसके बाद उसे एक कपड़े से ढाँके। उस कपड़े पर अष्ट दल कमल लिखे । उन सात महर्षियों को

CC-0. Courtesy Shri U.S. Pathak Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

सुवर्णमयी प्रतिमा बनवावे ॥ ७ ॥ आधे तोले, चौथाई तोले की या जैसी अपनी शक्ति हो उसके अनुसार होनी चाहिये। लेकिन इस विषय में कंजूसी नहीं करनी चाहिये ॥ ८ ॥ इस

 वपूर्गोन चैव हि ॥ ६ ॥ आच्छादयेत्तं चैलेनालिखेदष्टदलं ततः ॥
सौवर्ण्यप्रतिमाः कार्या ऋषीणां भावितात्मनाम् ॥ ७ ॥ पलेन वा
पलार्धेन तदर्धार्धेन वा पुनः ॥ शक्त्या वा कारयेत्तत्र वित्तशाठ्यविव
र्जितः ॥ ८ ॥ वितानं पंचवर्णं च फलपुष्पसमन्वितम् ॥ बध्नीयादुपरि
श्रीमत्सम्भारान्संविधाय च ॥ ९ ॥ मध्याह्ने पूजयेद्भक्त्या ऋषीन्

तरह सब सामग्रियों को एकत्रित करके ऊपर से पाँच वर्ण का चँदवा तान दे ॥ ९ ॥ दोपहर के समय भक्ति और श्रद्धा के साथ ऋषियों की पूजा करे। "कश्यपोऽत्रिर्भरद्वाज" आदि मंत्र को पढ़कर सावधान मन से पूजन करने के बाद हे राजेन्द्र ! व्रत करनेवाले को चाहिए कि

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

पुराण आदि श्रवण करता हुआ रात्रि को जागरण करे। सबेरे सब नित्यकर्म करने के बाद घी और तिल से हवन करे ॥ १० ॥११॥ वैदिक मंत्र या पौराणिक मंत्र या किसी भी तरह के

श्रद्धासमन्वितः ॥ कश्यपोऽत्रिर्भरद्वाजो विश्वामित्रोऽथ गौतमः ॥१०॥ यमदग्निर्वशिष्ठश्च साध्वी चैवाप्यरुन्धती ॥ मन्त्रेणानेन राजेन्द्र कृत्वा पूजां समाहितः ॥११॥ रात्रौ जागरणं कुर्यात्पुराण श्रवणादिभिः ॥ कृतनित्याक्रियः प्रातर्जुहुयात्तिलसर्पिषा ॥ १२ ॥ वैदिकोवाथपौराण अधिकारान्मनुःस्मृतः ॥ सहस्तोमाः सहावाथ नाममन्त्रैस्तु वा पृथक्॥ अष्टोत्तरसहस्रं वाशतमष्टोत्तरं तु वा॥१३॥

मंत्रों का उच्चारण करता हुआ हवन करे। "सहस्तोमा" या ऋषियों के नाम मन्त्रों से ही हवन करे। हवन के समय एक हजार आठ या एक सौ आठ मन्त्रों का उच्चारण होना ही

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

चाहिये॥ १२॥१३॥ हवन के बाद व्रती फिर से सप्तर्षियों का पूजन करे। इसके बाद गुरु को
अ० सुवर्ण की अंगूठी तथा वस्त्र दे और अमृत के समान भोजन से तृप्त करे॥१४॥ फिर गुरु को आ
२४ पुनः पूजां ततः कृत्वा गुरुं सम्पूजयेद्व्रती॥ स्वर्णांगुलीयवासोभिः
कुण्डलामृतभोजनैः॥ १४॥ दद्यादेकांसवत्सां च गुरवे गां पय-
स्विनीम्॥ पूजयेदृत्विजः सप्त वासोभिर्दक्षिणादिभिः॥ १५॥
कलशानुपवीतानि दद्यात्तेभ्यः सुभक्तितः॥ आचार्यं च सपत्नीकं
प्रणिपत्य क्षमापयेत्॥ १६॥ भोजयेद्ब्राह्मणान् भक्त्या दानाना-

एक दुधार और बछड़े युक्त गैया दे। इसी तरह भोजन, वस्त्र, दक्षिणा आदि के द्वारा सातों ऋत्वि-
जों का भी पूजन करे॥ १५॥ उन्हीं को कलश और यज्ञोपवीत भी दे! फिर सपत्नीक आ- २४
चार्य को प्रणाम करके उनसे क्षमा माँगे॥ १६॥ इसके बाद भक्ति पूर्वक ब्राह्मणों को भोजन

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

गर

करावे और दीनों तथा अनाथों को भी तृप्त करे। जब कि गुरु की आज्ञा मिल जाय तब अपने मित्रों और बांधवों के साथ भोजन करे। यह उद्यापन विधि सर्वत्र लागू हो सकती

थान्प्रतर्प्य च ॥ लब्ध्वानुज्ञां तु भुंजीत इष्टैः बंधुजनैः सह ॥ १७ ॥
उद्यापनविधिः प्रोक्तः सर्वत्रायं फलार्थिनाम् ॥ एवं या कुरुते भूप
उद्यापनविधिः परम् ॥ १८ ॥ सर्वपापविनिर्मुक्ता स्वर्गलोके मही-
यते ॥ इह लोके चिरंकालम्भर्त्रा सह शुचिस्मिता ॥ १९ ॥ पुत्रपौत्रैः

है। जो लोग व्रत का फल प्राप्त करना चाहते हों, उन्हें चाहिये कि इसे अवश्य करें। जो स्त्री इस प्रकार उद्यापन करती है ॥ १७ ॥ १८ ॥ तो वह पापों से छुटकारा पाकर स्वर्गलोक में निवास पाती है और जब तक इस लोक में रहती तब तक अपने पति के साथ विविध

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

प्रकार के भोग भोगती है ॥ १९ ॥ वह पुत्र, पौत्र आदि से घिरी रहती मनोहर भोगों का उपभोग करती और अन्त में सभी प्रकार के पापों से निवृत्त होकर अक्षय गति प्राप्त करती

परिवृता भुक्त्वा भोगान्मनोहरान् ॥ निष्पापसुभगा नित्य लभते चाक्षयां गतिम् ॥ २० ॥ इति श्रीभविष्योत्तरपुराणे ऋषिपंचमी-व्रतोद्यापनविधिः समाप्ता ॥

है ॥ २० ॥ इति श्रीभविष्योत्तरपुराणे पं० रामतेजपाण्डेयकृतभाषाटीकासहिता ऋषिपंचमीव्रतो-द्यापनविधिः समाप्ता ।

मुद्रक—महादेवप्रसाद, अर्जुन प्रेस, कन्तिरचौरा बनारस सिटी ।

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri

इति ऋषिपञ्चमी व्रत कथा

भाषाटीकासहिता ।

प्रकाशक–बाबू ठाकुर प्रसाद बुक्सेलर,
कचौड़ीगली, बनारस सिटी ।

CC-0.Courtesy Shri K.S.Parihar Librarian Government District Library Varanasi. Digitized by eGangotri